## एक नजर में

### अंधकार दूर कर प्रकाश की ओर ले जाने वाला ही सच्चा गुरु

**ब्यावरा 10 जुलाई, का.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहीद कॉलोनी सेवा केन्द्र द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया. सेवा केन्द्र की संचालिका लक्ष्मी दीदी ने कहा कि अंधकार का हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाले को सतगुरु कहा जाता है. गुरु हमे अंधकार से दूर प्रकाश की ओर ले जाते है. गुरुओं के प्रति आदर भाव एवं श्रद्धा भाव प्रकट करने का यह दिन है. जीवन की अंतिम यात्रा सुखमय होने के लिए गुरु की अंत्यत आवश्यकता होती है. इस अवसर पर बड़ी संख्या में साधकगण, प्रबुद्धजन उपस्थित रहे.

### पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने लागू की सेल्फ लर्निंग पॉलिसी

**राजगढ़ 10 जुलाई, का.** ऊर्जा मंत्री ने बताया है कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कम्पनी ने अपने कार्मिकों के सतत् कौशल विकास, ज्ञान संवर्धन एवं शैक्षणिक उन्नयन को बढ़ावा देने के लिये स्व-अध्ययन तथा उन्नति नीति (सेल्फ लर्निंग एण्ड एडवांसमेंट पॉलिसी) लागू की है. इस नीति के अंतर्गत अब सभी अभियंता व कार्मिक अपने नियमित कार्यालयीन कर्तव्यों के साथ-साथ कम्पनी के कार्यक्षेत्र से संबंधित विषयों में पार्ट-टाइम, ऑनलाइन अथवा दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम डिप्लोमा, डिग्री, एमटेक, एमबीए, बीटेक, एलएलबी, एलएलएम,एमसीए व पीएचडी जैसे अनेक शैक्षणिक कार्यक्रम में प्रवेश ले सकेंगे. मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कहा कि पॉवर जनरेटिंग कंपनी स्वयं को एक लर्निंग ऑर्गेनाइजेशन मानती है. सेल्फ लर्निंग एन्ड एडवांसमेंट पॉलिसी लागू होने से पावर जनरेटिंग कंपनी के कार्मिक को दोहरा लाभ होगा.

### कर्मचारी राज्य बीमा निगम की स्प्री योजना मंजूर

**राजगढ़ 11 जुलाई, का.** कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने नियोक्ताओं और कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने के लिए स्प्री यानि स्कीम टू प्रमोट रजिस्ट्रेशन ऑफ इम्प्लॉयर्स/इम्प्लॉयीज योजना को स्वीकृति दी है. संयुक्त निदेशक निश्चल कुमार नाग, से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्प्री योजना का उद्देश्य ईएसआई अधिनियम, 1948 के अंतर्गत अब तक पंजीकृत नहीं हुए प्रतिष्ठानों एवं श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना है. यह योजना 1 जुलाई से 31 दिसंबर तक लागू रहेगी. इसके अंतर्गत नियोक्ता डिजिटल माध्यमों जैसे- पोर्टल, श्रम सुविधा पोर्टल, पोर्टल से अपने प्रतिष्ठान एवं कर्मचारियों का पंजीकरण कर सकते हैं. पंजीकरण नियोक्ता द्वारा घोषित तिथि से वैध माना जाएगा.

### मानव अधिकार लघु फिल्म प्रतियोगिता

**राजगढ़ 11 जुलाई, का.** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) द्वारा लघु फिल्म प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया गया है. प्रतियोगिता के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025 निर्धारित की गई है. देश और प्रदेश के नागरिकों द्वारा ऑनलाईन फार्म भर कर आवेदन किया जा सकता है.

# शहर के बीच जानलेवा बन रहा बायपास

## अनदेखी की हद, सर्विस रोड नहीं होने से हो रही दुर्घटनाएं, शुक्रवार को फिर युवक की जान गई

**जिला मुख्यालय पर शहर के बीच से गुजर रहा बायपास**

**लंबे समय से नागरिकों की मांग, किसी जिम्मेदार का ध्यान नहीं**



**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 11 जुलाई, का. जिला मुख्यालय पर घनी आबादी के बीच से निकल रहे जयपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के कारण आये दिन सड़क हादसे हो रहे है. कई लोगों की जान जा चुकी है. बायपास को अन्यत्र निकाले जाने हेतु नागरिकों द्वारा लम्बे समय से मांग की जा रही है, इसी अनदेखी के चलते शुक्रवार दोपहर को बायपास पर हुए हादसे में तेज रफ्तार डम्पर ने मोटरसाईकल सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे युवक का प्राणांत हो गया.**

गौरतलब है कि राजगढ़ में बीच शहर से हाईवे निकला हुआ है. जिस घने रहवासी क्षेत्र से हाईवे निकला है वहां मार्ग भी काफी सकरा है. संकट मोचन बडली के यहां त्रिवेणी पुलिया से लेकर मिडवे ट्रीट तक सवा दो किमी के मार्ग पर हर समय खतरा बना रहता है. आये दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है. विशेषकर नाका नं 3 से खिलचीपुर नाके तक काफी डर बना रहता है. हाईवे पर वाहन काफी तेज गति से दौड़ते है. ट्रक, कंटेनर सहित हजारो की संख्या में रोजाना यहां से बड़े-छोटे वाहन आते-जाते है. रोड क्रॉस करते समय या मार्ग पर आते-जाते हुए वाहनों की चपेट में बाइक सवार, पैदल राहगीर आ जाते है.

### सर्विस रोड तक नहीं

विशेष बात यह है कि फोरलेन निकलने के दौरान रहवासी क्षेत्र में बायपास तो निकाल दिया किंतु सुरक्षा की दृष्टि से सर्विस रोड तक नहीं बनाया. गया उस दौरान यह सबसे बड़ी चूक रही और तो और सड़क मार्ग पर दोनों और साइड तक नहीं है तो दूसरी और इसी हाईवे पर आने वाले राजस्थान स्थित असनावर इकलेरा में सर्विस रोड बनाया है. जबकि जिला मुख्यालय पर सर्विस रोड का निर्माण अतिआवश्यक है. जिला मुख्यालय पर यात्री एवं अन्य वाहनों की स्पीड को नियंत्रण करने के लिए भले ही संकेतक बोर्ड लगा दिए गये है किंतु इनका कोई पालन होते नजर नहीं आता. यह संकेतक मात्र शोपीस बनकर रह गये है. राजगढ़ बायपास फोरलेन सड़क पर स्पीड लिमिट 20 के बोर्ड लगाकर विभाग ने अपना कर्त्तव्य निभाते हुए इतिश्री कर ली है. जबकि बीते दिनों हुए हादसों के बाद कट वाले स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाए गए है, जो कि वाहनों की गति को नियंत्रण करने में न काफी साबित हो रहे है. संकेतक बोर्ड लगाने मात्र से वाहनों की स्पीड को नियंत्रित नहीं किया जा सकता है, इसके लिए बराबर मॉनिटरिंग की जरुरत है ट्रैफिक पुलिस के पास इंटरसेप्टर वाहन है लेकिन उसका उपयोग वाहनों की गति के नियंत्रण के लिए नहीं किया जाता है. जबकि इस वाहन में लगा कैमरा वाहनों की गति दर्शाता है और ओव्हर स्पीड वाले वाहनों को चिन्हित करता है.

### तेज रफ्तार डम्पर ने युवक को कुचला

**राजगढ़ 11 जुलाई, का.** जिला मुख्यालय पर शुक्रवार की दोपहर में बायपास रोड पर एलआईसी ऑफिस के यहां तेज रफ्तार जा रहे एक डम्पर ने मोटरसाईकल सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे युवक का प्राणांत हो गया. जानकारी के अनुसार राजगढ़ स्थित सोल्डर चौराहा निवासी अंकित पिता स्व पुरुषोत्तम परमार उम्र 32 वर्ष मोटरसाईकल द्वारा बायपास रोड पर खिलचीपुर नाका तरफ से ब्यावरा की और जा रहा था इसी बीच दोपहर करीब 12 बजे एलआईसी ऑफिस के यहां तेज गति से जा रहे डम्पर ने मोटरसाईकल को जोर की टक्कर मार दी. दुर्घटना में युवक को गंभीर चोट आई. आसपास मौजूद लोग तुरंत युवक को जिला चिकित्सालय लेकर गये. युवा नयन विजय, अशोक वर्मा, दीपक शर्मा पंडित, अमित प्रजापति, विशाल प्रजापति, गोलू गुप्ता, अमित सोनी सहित युवक मोटरसाईकल सवार घायल अंकित को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक को भोपाल रेफर किया. इसी दौरान ब्यावरा के समीप युवक ने दम तोड़ दिया.



# खिलचीपुर में बिना कागजों के चल रहे हैं चिल्ड वाटर प्लांट

## संक्रमण के बाद प्रशासन की जांच में आया सामने

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 11 जुलाई, का. बीते दिनों खिलचीपुर में संक्रमण फैलने के बाद पेयजल स्त्रोतों के साथ ही चिल्ड वाटर प्लांट संचालकों के प्रतिष्ठानों पर प्रशासन ने जांच पड़ताल की है. सामने आया है कि प्लाट बिना कागजों और उपर्युक्त मानकों के संचालित हो रहे थे. ऐसे में सवाल उठता है कि इतने दिनों से खाद्य विभाग क्या कर रहा था.**

अनुविभागीय राजस्व अधिकारी खिलचीपुर श्रीमती अंकिता जैन ने बताया कि 10 जुलाई को कलेक्टर के निर्देश के पालन में खिलचीपुर में दूषित पानी से हुए लोग बीमार के संबंध में, सांवरिया चिल्ड वाटर छपेड़ा नाका खिलचीपुर एवं बालाजी चिल्ड वाटर एमिली चौक खिलचीपुर पर औचक जांच करवाई की गई. जांच के दौरान पाई गई अनियमितताओं के कारण दोनों प्रतिष्ठान बालाजी चिल्ड वाटर एवं सांवरिया चिल्ड वाटर का खाद्य पदार्थ वाटर प्रोसेसिंग आगामी आदेश तक बंद करवाया गया है. दोनों प्रतिष्ठानों से पानी की पोर्टेबिलिटी जांच करने हेतु निगरानी 3 नमूना जांच हेतु लिए गए हैं.

### लायसेंस और यूवी किट नहीं मिली

मौके पर दोनों खाद प्रतिष्ठान बालाजी चिल्ड वाटर प्लांट एवं सांवरिया चिल्ड वाटर प्लांट से खाद लाइसेंस, पंजीयन होना नहीं पाया गया. किसी भी प्रकार का अन्य कोई लाइसेंस नहीं पाया गया. प्रयुक्त किए जाने वाले पानी की पोर्टेबिलिटी रिपोर्ट एवं कार्बन फिल्टर सैंड फिल्टर पी फिल्टर कब किस समय बदल पाए गए, यूवी किट नहीं पाए जाने के हेतु, उसके संबंध में कोई रिकॉर्ड प्रस्तुत न होने एवं मौके पर जिन टंकियां में ठंडा करके पानी रखा गया है उसमें छाने के बाद भी कुछ गंदा होने कारण लिखित बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए सांवरिया चिल्ड वाटर एवं बालाजी चिल्ड वाटर प्लांट को आगामी आदेश तक पानी वॉटर प्रोसेसिंग एवं विक्रय को रोका गया है भविष्य में विधिक फूड लाइसेंस लेते हुए आवश्यक पानी की नई जांच रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद ही पानी प्लांट से प्रोसेस किया जाना एवं 20 लीटर जार में विक्रय किए जाने के निर्देश जारी किए गए.

# जीरापुर, पचोर में ब्लड स्टोरेज हेतु फ्रीजर का इंतजार

## पूर्व मिल चुकी है दोनों अस्पताल को ब्लड स्टोरेज की मान्यता



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा/जीरापुर/पचोर 11 जुलाई, सं. जिले के पचोर एवं जीरापुर स्थित शासकीय सिविल अस्पताल को शासन द्वारा ब्लड स्टोरेज यूनिट की मान्यता तो कई माह पूर्व मिल चुकी है किंतु आज दिनांक तक इन अस्पतालों में स्टोरेज फ्रीजर नहीं आने से ब्लड स्टोरेज नहीं हो पा रहा है जिससे जरुरतमंद इस सुविधा से वंचित है.** गौरतलब है कि जिला चिकित्सालय स्थित जिला ब्लड बैंक है. इसके अतिरिक्त ब्यावरा, नरसिंहगढ़ एवं सारंगपुर में ब्लड स्टोरेज यूनिट है जहां 250 से 300 यूनिट तक ब्लड को रखा जा सकता है. ब्लड स्टोरेज यूनिट में मौजूद ब्लड का उपयोग गर्भवती माताओं एवं नवजात बच्चों के लिए होता है. जब किसी को जरुरत पड़ने पर ब्लड की आवश्यकता होती है तो इन जगह से नि:शुल्क रुप से ब्लड दिया जाता है. अब पचोर एवं जीरापुर को भी यह सुविधा दे दी है. जीरापुर में 28 फरवरी 2024 को ब्लड स्टोरेज यूनिट की मान्यता दी जा चुकी है. जबकि पचोर सिविल अस्पताल में 15 मई 2025 को इसकी मान्यता दी गई. ब्लड स्टोरेज फ्रीजर ब्लड अनुकूल तापमान बनाए रखते है. इनमें 4 से 6 डिग्री के बीच ब्लड को स्टोरेज कर रखा जाता है.

प्राय: यह देखने में आया है कि जिला ब्लड बैंक सहित अन्य जगह ब्लड स्टोरेज यूनिट को ब्लड की कमी से जूझना पड़ता है. जिला ब्लड बैंक में कई बार ब्लड की भारी कमी का सामना करना पड़ता है. ये हालात रक्तदान के प्रति जागरुकता का अभाव एवं भ्रांति होने के कारण निर्मित होते रहते है. हालांकि कई जगहों पर सेवाभावियों के द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर लगाकर काफी कुछ ब्लड की कमी को पूरा कर दिया जाता है.

*जीरापुर एवं पचोर सिविल अस्पताल में ब्लड स्टोरेज यूनिट की स्वीकृति हो चुकी है. जैसे ही इन जगहों पर स्टोरेज फ्रीजर आएंगे वैसे ही यह यूनिट कार्य करना शुरु कर देगी. यहां से इमरजेंसी में गर्भवती माताओं एवं बच्चों को नि:शुल्क रुप से ब्लड मिल सकेगा.*

**राजकुमार भिलाला**
**जिला प्रभारी, ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय राजगढ़**

### प्रतिभा चयन का आयोजन 12 को

**राजगढ़ 11 जुलाई, का.** खेल और युवा कल्याण विभाग म.प्र. शासन द्वारा संचालित विभिन्न खेल अकादमियों में खिलाड़ियों के चयन हेतु प्रतिभा चयन कार्यक्रम के तहत् मप्र राज्य व्हॉलीबॉल छात्रावास नरसिंहपुर वर्ष 2025-26 में प्रवेश हेतु बालक खिलाड़ियों को प्रतिभा चयन का आयोजन 12 जुलाई को व्हॉलीबॉल कोर्ट नरसिंहपुर में होगा.

### ऊर्जा विभाग में आवेदन 04 अगस्त तक

**राजगढ़ 11 जुलाई, का.** ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में विभिन्न श्रेणियों के 633 रिक्त पदों पर भर्ती के लिये योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आंमत्रित किये गये हैं. रिक्त पदों में सहायक अभियंता, विधि अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, ट्रांसमिशन लाइन परिचारक, उपकेन्द्र परिचारक, सर्वेयर परिचारक के पद शामिल हैं. इन पदों के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 04 अगस्त है.

### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिये आवेदन

**राजगढ़ 11 जुलाई, का.** प्रदेश में केन्द्र सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग मंत्रालय नई दिल्ली के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिये आवेदन और नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. आवेदन एवं नामांकन वेब पोर्टल पर 13 जुलाई तक स्वीकार किये जायेंगे. प्रदेश में शिक्षकों द्वारा 13 जुलाई तक नामांकन कर दिया जायेगा.

# अज्ञात कारणों से युवक ने घर में लगाई फांसी

## गुरुवार रात की घटना, जूना ब्यावरा क्षेत्र में परिजनों ने दी पुलिस को सूचना, पुलिस ने मर्ग कायम किया

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 11 जुलाई, का. जूना ब्यावरा स्थित भगत सिंह मार्ग निवासी एक युवक उसी के घर में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला. सिटी पुलिस के अनुसार भगत सिंह मार्ग निवासी युवक संजय गिरी पिता रमेश गिरी उम्र 48 वर्ष का शव घर में छत के कुंदे में फांसी के फंदे पर लटका मिला.**

घटना के समय परिजन बाहर गये हुए थे. परिजन के घर आने पर जब दरवाजा बंद देखा तब घटना का पता चला. बमुश्किल दरवाजे को खोलकर युवक को फंदे से नीचे उतारा तथा तुरंत युवक को अस्पताल ले गये जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया. जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची. एसआई सुभाष द्विवेदी के अनुसार फिलहाल युवक द्वारा फांसी लगाने का स्पष्ट कारण सामने नहीं आ पाया है. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है. यह घटना गुरुवार की रात्रि करीब 11 बजे की बताई जाती है.

### सनातन के गौरव है निषादराज

**राजगढ़ 11 जुलाई, का.** मत्स्य पालन एवं मछुआ कल्याण राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने निषाद समाज की समृद्धि के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हो रही सकारात्मक पहल के लिए आभार जताते हुए कहा कि निषादराज सम्मेलन से राज्य सरकार निषाद समाज की परंपराओं को सम्मान दे रही है. उनके जीवन और आजीविका को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने का कार्य भी कर रही है. यह एक ऐसा प्रयास है जिसमें इतिहास की प्रेरणा और भविष्य की योजना दोनों साथ चल रहे हैं. यह सम्मेलन मछुआ समाज के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा. राज्य मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम में 22.65 करोड़ रूपये की लागत के 453 स्मार्ट फिश पार्लर, 40 करोड़ रूपये की लागत से बन रहे अत्याधुनिक अंडर वॉटर टनल सहित एक्वापार्क और 91.80 करोड़ रूपये की लागत से इंदिरा सागर जलाशय में 3060 केजेस का वर्चुअली भूमि-पूजन करेंगे.





